6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर | वर्ष 58 | अंक 238 | पृष्ठ : 20 | मूल्य : सात रुपये
# अमर उजाला
बरेली | सोमवार, 14 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल-तृतीया | विक्रम संवत-2083
गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

**PAGE NO. 4: MIDDLE**

## रक्तदान से जायंट्स वीक का शुभारंभ




शिविर में रक्तदान करते महादानी। स्रोत : संस्था

**बरेली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बरेली की ओर से जायंट्स वीक का शुभारंभ रविवार को रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ हुआ। अध्यक्ष अभय जसोरिया ने सभी सदस्यों से रक्तदान करने का आह्वान किया। सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि जायंट्स ग्रुप ऑफ बरेली समय-समय पर रक्तदान सहित विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करता है। संयोजक असित माहेश्वरी, रमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल व डॉ. मुकुल ने व्यवस्थाओं को संचालित किया। शिविर में डॉ. राजीव गोयल व डॉ. ऋतु राजीव के सहयोग और मुदित अग्रवाल के समन्वय से आई मेडिकल टीम ने सदस्यों के ईसीजी, लंग फंक्शन टेस्ट, बोन मिनरल डेंसिटी सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए। हिमानी अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, मोना अग्रवाल, रोली अग्रवाल सहित अन्य महिला सदस्यों ने भी आयोजन में विशेष योगदान दिया। संवाद

6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर | वर्ष 58 | अंक 238 | पृष्ठ : 20 | मूल्य : सात रुपये
अमर उजाला
बरेली | सोमवार, 14 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल-तृतीया | विक्रम संवत-2083
गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

**PAGE NO. 7: TOP**

## दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कॉन्फ्रेंस, वर्कशाप का समापन



**बरेली (वि)।** एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया बरेली चैप्टर के सहयोग से एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप का रविवार को समापन हुआ। आखिरी दिन रेक्टल प्रोलैप्स, ग्रेड-3 बवासीर, पेरिअनल एब्सेस, एनल फिशर, एनल फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस जैसी तकलीफों का सामना कर रहे डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हुआ। इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कोलोप्रोक्टोलॉजी (आईएससीपी) के पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत रहाटे, एकेडमिक कन्वीनर डॉ. दिनेश शाह, सेक्रेटरी डॉ. नीरज गोयल, ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. मधुकर पाई, डॉ. अंशुल शाह, डॉ. एसके निगम, डॉ. कल्याण कार, डॉ. अंकुर बंसल, डॉ. जितेन चौधरी, डॉ. मधुबाला ने मरीजों का ऑपरेशन किया। वर्कशॉप चेयरमैन डॉ. एसके सागर ने जरूरी जानकारी दी। यहां एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एसोसिएशन ऑफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. कौशल कुमार, सेक्रेटरी डॉ. सुजॉय मुखर्जी, कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप के सेक्रेटरी एवं एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया बरेली चैप्टर के ट्रेजरार डॉ. अमित सिंह, डेलीगेट्स और पीजी विद्यार्थी मौजूद रहे।